Regarding need for Ropeway system for better connectivity to Religious and Hill sites to promote accessibility and tourism

श्रीमती मंजू शर्मा **(**जयपुर**):** सभापति महोदया, मुझे बोलने का मौका देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । स्वदेश दर्शन में मेरे लोक सभा क्षेत्र जयपुर में गलता तीर्थ और सूर्य मंदिर है । उनको जोड़ा जाना चाहिए । मेरे प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश में हमारे धार्मिक स्थल ऊंची जगह और पहाड़ों पर स्थित हैं, जहां जाने में लोगों को परेशानी होती है । वरिष्ठ जन को जाने में बहुत परेशानी होती है । वहां पर रोपवे जैसा साधन होना चाहिए । उसके लिए वन विभाग और पर्यावरण विभाग से अनुमति नहीं मिलती है । वह अनुमति जल्द से जल्द मिलें और इस तरह की व्यवस्थाएं वहां पर हों, ताकि वहां ज्यादा से ज्यादा लोग जा सकें । मेरे लोक सभा क्षेत्र में अगर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तो वहां के लोगों को रोजगार भी मिलेगा ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहती हूं कि उसके लिए अनुमति दोनों विभाग नहीं देते हैं, उसमें विलंब होता है, उसको शीघ्र दिए जाने की व्यवस्था की जाए । बहुत-बहुत धन्यवाद ।